
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

अवध प्रान्त

की

# अवध विहान





## डिजिटल पत्रिका

अंक –सप्तदश पुष्प, अप्रैल 2023



# अवध—विहान

## संरक्षक

**मा. यतीन्द्र शर्मा जी**
अ.भा. सहसंगठन मंत्री
विद्या भारती

## मार्गदर्शक मण्डल

**मा. हेमचन्द्र जी**
क्षेत्रीय संगठन मंत्री
विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 क्षेत्र

**मा. हरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव जी**
अध्यक्ष
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. डॉ. महेन्द्र कुमार जी**
मंत्री
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. रामजी सिंह जी**
प्रदेश निरीक्षक
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. सुरेश कुमार सिंह जी**
सम्भाग निरीक्षक (सीतापुर सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. अवरीश कुमार जी**
सम्भाग निरीक्षक (साकेत सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

## सम्पादक मण्डल

**प्रधान सम्पादक**

**डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह**
प्रान्त प्रचार प्रमुख
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**विशेष सहयोग**
**जितेन्द्र पाण्डेय**
प्रान्त सोशल मीडिया प्रमुख

**सहसम्पादक**

**श्रीमती शिप्रा बाजपेई**
प्रधानाचार्य
स.ध.स.वि.बा.इ.का. लखीमपुर खीरी

**श्रीमती निधि द्विवेदी**
प्रधानाचार्य
स.बा.वि.म..इ.का., सरस्वती नगर रायबरेली

# सम्पादक की कलम से –



सभी के परीक्षा परिणाम निकल गये हैं कोई बहुत अधिक अंक प्राप्त कर श्रेष्ठता की सूची में आ गया और कुछ कम अंक प्राप्त करके श्रेष्ठता की सूची में आते–आते रह गए और पश्चाताप करने लगे। कुछ फेल हो गये तो कुछ कम्पार्टमेन्ट में आ गए। किसी के समझ में नहीं आ रहा था कि यह सब कैसे हो गया। इस बात को समझने के लिए निम्न प्रसंग को पढ़ें–एक किसान को विरासत में खूब धन–संपत्ति मिली। वह दिनभर खाली बैठा हुक्का गुड़गुड़ाता और गप्प हांकता रहता। रिश्तेदार और काम करने वाले नौकर–चाकर उसके आलस्य का लाभ उठाते और उसके माल पर हाथ साफ करने में लगे रहते।एक दिन उसका पुराना मित्र उससे मिलने आया। यह अव्यवस्था देखकर उसे कष्ट हुआ और उसने किसान को समझाने की कोशिश की, किंतु उस पर कोई असर नहीं हुआ। तब उसने किसान मित्र से कहा कि वह उसे एक महात्मा के पास ले जाएगा जो उसे अमीर होने के नुस्खे बताएंगे। यह सुनकर वह तुरंत अपने मित्र के साथ उन महात्मा के पास जा पहुंचा। महात्मा ने किसान से कहा, सभी दिन सूर्योदय से पहले एक श्वेत नीलकंठ खलिहान, गोशाला, घुड़साल और घर में चक्कर लगाता है और बहुत जल्दी गायब हो जाता है। उस नीलकंठ के दर्शन तुम्हारे धन–संपत्ति को बढ़ाने की क्षमता रखते हैं।

अगले दिन किसान खुशी–खुशी सूर्योदय से पहले उठा और नीलकंठ की खोज में पहले अपने खेत गया। वहां उसने देखा कि उसका एक रिश्तेदार अनाज से बोरा भरकर ले जा रहा है। शीघ्र ही वह गोशाला पहुंचा तो देखा कि उसका नौकर दूध की भरी बाल्टी चुराकर अपने घर ले जा रहा है। जब वह घुड़साल गया तो वहां बेहद गंदगी पाई और देखा नौकर सो रहा था। अगले दिन भी कुछ ऐसा ही हुआ। किसान के रिश्तेदार और नौकर अब सजग होकर अपना काम ईमानदारी और फुर्ती से करने लगे। अब किसान आलस्य मुक्त और स्वस्थ हो गया, लेकिन उसे श्वेत नीलकंठ के दर्शन नहीं हुए। उसने महात्मा से जब यह बात कही तब उन्होंने कहा, तुम्हें उसके दर्शन तो हो गए, लेकिन तुम उसे पहचान नहीं पाए। वह श्वेत नीलकंठ 'कर्तव्य' है। यह सुनकर किसान की आंखें खुल गईं।

भैया एवं बहनों आप लोगों को लगता है कि मैंने तो पढ़ाई की थी परन्तु अंक नहीं मिले तो आपको बताऊँ कि आपने अपना कर्तव्य ठीक से नहीं किया जिसके परिणामस्वरूप आप श्रेष्ठता की सूची में आते–आते रह गए और जो किसान की तरह कर्तव्य से रह गया वह फेल हो गया। अतः हम सबको अपना कर्तव्य ईमानदारी और मेहनत से करना चाहिए। ईश्वर किसी को निराश नहीं करता यदि व्यक्ति ईमानदारी और लगन से अपने कर्तव्य को निभाता है तो वह परिणाम तक अवश्य पहुँचता है। लोगों को परिणाम से मतलब होता है, प्रयास से नहीं..... और विडम्बना यह है कि हमारे हाथ में प्रयास होता है, परिणाम नहीं।



**डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह**
**प्रधान सम्पादक**
**पं0 दीनदयाल उपाध्याय स.वि.म.इ.का.**
**लखीमपुर–खीरी**

# हमारी गतिविधियां

## सीतापुर संकुल

### नवीन सत्र का शुभारम्भ हुआ



रामदुलारे सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज केशवपुरी महोली में नवीन सत्र 2023– 24 प्रारम्भ होने के उपलक्ष्य में विद्यालय में हनुमान चालीसा का पाठ एवं हवन पूजन का कार्यक्रम प्रधानाचार्य श्री नीरज शुक्ला जी प्रबंधक डॉ रूपचंद्र वर्मा व अध्यक्ष श्री नरेंद्र अग्निहोत्री तथा खंड कार्यवाह सुरेंद्र मिश्रा व उप प्रधानाचार्य श्री राजकुमार शुक्ला , के द्वारा संपन्न हुआ। हनुमान चालिसा का पाठ सभी आचार्य बंधु एवं आचार्या बहनों द्वारा किया गया। भैया बहनों ने भी हवन पूजन के कार्यक्रम में सहभाग किया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य राजकुमार तिवारी जी ने भैया एवं बहनों को नवीन सत्र मे कैसे अध्ययन किया जाए , कैसे समय का नियोजन किया जाये यह अपने उद्‌बोधन में बताया। विद्यालय परिवार सभी भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# भारतीय संविधान के निर्माता के विषय में बताया






सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां, सीतापुर के विद्यालय में मां सरस्वती जी की वंदना के पश्चात संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 132 वी जयंती का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर आज कीमुख्य अतिथि महोदयाके रूप में आदरणीया श्रीमती आशा गुप्ता जी (निवासी मुंडेरी ग्राम) की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्रीमान अतुल कुमार सिंह जी द्वारा बड़े ही विस्तार से उनके द्वारा किए गए क्रियाकलापों पर प्रकाश डाला गया ।मुख्य अतिथि महोदया के द्वारा सभी भैया/ बहनों को कठिन परिश्रम करने एवं अपने से बड़ों का आदर सम्मान करने की बात कही गई । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान रामानुज चौरसिया जी द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जी के द्वारा देश के लोगों को यह संदेश दिया गया कि शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो,। इसके अतिरिक्त उनके द्वारानिर्मित संविधान के अनुसार अधिकारो एवं कर्तव्यों का पालन हम सभी देशवासी भली–भांति करें। इस ओर सभी को प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ संपन्न हुआ।

# संचारी रोग के बचाव के विषय में जानकारी दी



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज केशवपुरी महोली में संचारी रोग से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार की योजना के अंतर्गत संचारी रोग के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री सुरेशचंद्र जी (सहायक विकास अधिकारी) ने संचारी रोग से बचाव को लेकर छात्रों का मार्गदर्शन किया। श्री सुरेशचंद्र जी ने बताया कि मच्छरों और चूहों से बहुत से रोग हो जाते हैं, इससे लोगों को बचने के लिए बहुत से उपाय बताएं। जिसमें अल्फा एलिथ्रीन. 001: का प्रयोग मच्छरदानी में करके मच्छर के प्रकोप से बचा जा सकता है। इसी प्रकार देवदार का तेल और नीलगिरी के तेल से भी मच्छरों से बचाव किया जा सकता है। पिपरमेंट के तेल के प्रयोग और रुई को चाशनी में डुबोकर रखने से चूहे से भी बचा जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज शुक्ला जी ने सुरेंद्र जी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य वा छात्र–छात्रा उपस्थित रहें।



## सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा में प्रान्त के 149बच्चो में तीसरा स्थान प्राप्त करके शिशु मन्दिर हरगाँव का नाम ऊँचा रखने के लिए भैया शास्वत झा व उनके परिवार को बधाई

# लखनऊ संकुल

## अम्बेडकर जयन्ती का कार्यक्रम मनाया गया



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज इन्दिरा नगर लखनऊ में आज अम्बेडकरनगर जयंती की पूर्व बेला पर श्रीमान गोपाल राम जी (प्रधानाचार्य), श्रीमान राजेश जी (उप प्रधानाचार्य ),श्रीमान अखिलेश जी(वरिष्ठ आचार्य), श्रीमान राजेन्द्र जी (वरिष्ठ आचार्य) जी ने भैया बहनो को इस उपलक्ष्य में श्री अम्बेडकर नगर जी (भारतीय सांविधान के निर्माता) के बारे मे विस्तार से बताया। सभी भैया बहनों ,आचार्य एवं आचार्या बहनो ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## अम्बेडकर जयन्ती का कार्यक्रम मनाया गया






लखनऊ,सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर क्यू अलीगंज लखनऊ में आज भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी का जन्मदिन मनाया गया। मुख्य वक्ता उमेश मिश्र ने बताया कि 2 वर्ष 18 माह और 18 दिन में 299 सदस्यों के द्वारा जिस संविधान का निर्माण किया गया उसकी प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अंबेडकर जी थे। 14 अप्रैल 1891 में इंदौर

मध्यप्रदेश में जन्में डॉक्टर अंबेडकर 64 विषयों तथा 11 भाषाओं के जानकार थे। मंजु मिश्रा ने मूल कर्तव्यों को विस्तार से बताया तथा अनन्या मिश्रा ने सविधान प्रदत्त अधिकारों को समझाया । कक्षा 6 की छोटी सी बहन भाव्या कश्यप ने कहा कि भारत रत्न डॉक्टर अंबेडकर ने हमेशा समानता और छुआ छूत जैसे सामाजिक सरोकारों के लिए अपना संघर्ष जारी रखा । ऐसे महानायक के जन्मदिन पर हमें सीखने की आवश्यकता है। प्रधानाचार्य श्री राजेंद्र सिंह ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लिखित सविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महापुरुष डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को यह देश कभी भूल नही पायेगा। उन्होंने बताया कि 42 वें संविधान संशोधन में, समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़ा गया।

# पथ संचलन सम्पन्न हुआ



हजारों स्वयं सेवको का एक विराट संगम अलीगंज एल डी ए स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमें सूचना आयुक्त उतर प्रदेश ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्ही की प्रेरणा से हम वंचित लोग भी पढ़ने के लिए आगे आ पाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय बौद्धिक प्रमुख श्री मिथलेश जी ने कहा कि संघ ने अपने स्थापना के समय से ही सामाजिक समरसता का संकल्प लिया। बाबा साहब ने जिस गरीबी और आर्थिक तंगी में पढ़ाई पूरी की। प्राचीन भारत में भी वर्ण व्यवस्था की व्यवस्था थी परंतु छुआ छूत नही थी।बाबा साहेब कभी फेल नही हुए । जिस राजा ने उनको सहायता दी ,उनको राजा के पास ले जाने वाला अध्यापक ब्राह्मण समाज का था। राजा साहब ने बिना तर्क वितर्क किए सिर्फ यह कहा कि विदेश में पढ़ने के बाद भारत आयेंगे न और यह भी कहा कि आपको आपकी योग्यता के आधार पर नौकरी दूंगा।

कार्यक्रम में मंच पर आसीन विभाग संघचालक श्रीमान जय कृष्ण सिन्हा जी, भाग संघचालक श्रीमान विश्वजीत जी तथा कार्यक्रम अध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री हेमचन्द जी विद्या भारती भी उपस्थित थे।


realme
Shot on realme 9i 5G
2023.04.14 16:08





# नवीन प्रदेश निरीक्षक जी का स्वागत किया गया







लखनऊ, सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर क्यू अलीगंज में आज प्रथम बार काशी प्रांत से स्थानांतरण होकर आए श्री रामजी सिंह , प्रदेश निरीक्षक का प्रधानाचार्य जी सहित पूरे विद्यालय परिवार ने स्वागत किया। मां सरस्वती की आराधना के उपरांत प्रधानाचार्य जी ने अतिथियों का परिचय कराया। काशी प्रांत के प्रदेश निरीक्षक रहे आदरणीय श्री रामजी सिंह ने 30 तारीख को अवध प्रांत के प्रदेश निरीक्षक का पद सुशोभित किया। सभी का परिचय प्राप्त करने के बाद उन्होंने अपने संस्थान की प्रगति की स्ट्रेटजी के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा हमें प्रथम वरीयता का विद्यालय बनाना होगा व हिंदी में गर्व करने वाले विद्यार्थी तथा इंग्लिश को मुठ्ठी में रखने वाले विद्यार्थी तैयार करना होगा। यह हमारी विशेषता होनी चाहिए।

# लखीमपुर संकुल

## भैया–बहिनों का उत्साह बढ़ाया










श्री तेज महेन्द्रा सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज पलिया कलां–खीरी में प्रातःकाल वंदना सभा में अतिथि के रूप में श्रीमान शिवपाल सिंह जी (सह व्यवस्थापक ) उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य श्रीमान राम प्रताप सिंह ने भैया बहिनों को संबोधित करते हुएक्ष विद्यालय के नियमों एवं अनुशासन का कड़ाई से पालन करने तथा आदर्श विद्यालय बनाने की बात कही । अखिल भारतीय संस्कृत ज्ञान (आचार्य ) में प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने करने वाले आचार्य बंधु/भगिनी को सह प्रबंधक एंव प्रधानाचार्य जी के द्वारा पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया ।

# डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया




सरस्वती शिशु /विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज पलिया कलां–खीरी में वंदना सभा में भारतीय संविधान के जनक डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाई गई । इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य परिवार ने उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धां – सुमन अर्पित किए । विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री धनुषधारी द्विवेदी जी ने उनके संघर्षमय जीवन की विस्तार से जानकारी कराई। कार्यक्रम में समस्त आचार्य परिवार एवं भैया/बहिन उपस्थित रहे।

# डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया




विद्या भारती विद्यालय पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (यू.पी.बोर्ड), लखीमपुर खीरी में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती मनायी गयी। आचार्य श्री विजय कुमार श्रीवास्तव जी नें बताया कि अम्बेडकर जी के पिता श्री रामजी मोलाजी सकपाल व माता भीमाबाई सकपाल जी की चौदह सन्तानों में से 14वीं व आखिरी सन्तान थे। इनके पिता आर्मी में सूबेदार थे। अम्बेडकर जी का परिवार मराठी मूल का था जो कि कबीर पंथ के बड़े अनुयायी थे। ये स्वतन्त्र भारत के प्रथम कानून मंत्री बने।





भारत की समता, संप्रभुता तथा अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने में आपकी महती भूमिका रही। आचार्य श्री राजेन्द्र प्रसाद ओझा जी नें बताया कि हम सब भारतवासी हैं। हम सभी बौद्ध को मानने वाले हैं क्योंकि बौद्ध धर्म को प्रारम्भ करने वाले गौतम बुद्ध जी हमारे विष्णु जी के अवतार हैं बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी बौद्ध को मानने वाले थे। इन्होंने समाज को जोड़ने का कार्य किया। हमारा समाज जो उस समय जातिवाद के आधार पर बँटा हुआ था इन्होंने समाज को जोड़ने का कार्य किया। इन्होंने कहा हम सभी भारतवासी हैं हम सब हिन्दुस्तानी हैं और हम सब भारतवासी आपस में भाई–बहन हैं यही संविधान का उद्देष्य है। इनका संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा। हमारा संविधान 25 खण्डों में विभाजित है प्रारम्भ में इसमें 395 अनुच्छेद व 470 धारायें थीं तथा हम सभी भारतवासियों को अपने संविधान का आदर तथा पालन करना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी नें भैयाओं को संविधान में दिये हुए मौलिक कर्तव्य तथा मौलिक अधिकारों के बारे में बताया और कहा कि ये जीवन भर अस्पृष्यता, भेदभाव मिटाने व सामाजिक समरसता के लिए संघर्षरत रहे। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त विद्यालय परिवार तथा भैया उपस्थित रहे।

# डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया







विद्या भारती विद्यालय डॉ हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर आवास विकास लखीमपुर खीरी में डॉ० भीमराव अंबेडकर जी की जयंती बड़े ही श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ हुआ । कार्यक्रम के अतिथि विद्यालय के अभिभावक एवं अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार गौड़ जी रहे । इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहिनों एवं आचार्य दिवाकर नाथ शुक्ल जी ने डॉ० भीमराव अंबेडकर जी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अतिथि श्री संतोष गौड़ जी ने डॉ ० भीमराव अंबेडकर जी के सामाजिक कार्यों व भारत के संविधान निर्माण में योगदान की ओर सभी का ध्यान आकृष्ट करते हुए सभी भैया बहिनों से डॉ० अंबेडकर जी के जीवन से प्रेरणा लेने व जयंती मनाने की सार्थकता पर विशेष बल दिया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री सर्वेश कुमार बाजपेई जी ने कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथि का परिचय एवं उनके प्रति आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य परिवार एवं भैया बहिन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।

# छात्रावास का शिलान्याश किया गया





श्री तेज महेन्द्रा सरस्वती शिशु /विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज पलिया कलां–खीरी में अवध प्रांत के माननीय प्रांत प्रचारक श्रीमान कौशल जी के द्वारा छात्रावास का शिलान्यास तथा दो कक्षा कक्षो का नीव पूजन किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष श्री चांद कुमार जैन, उपाध्यक्ष श्री निरंजन लाल अग्रवाल, व्यवस्थापक श्री राम बचन तिवारी जी, सह व्यवस्थापक श्री शिवपाल सिंह जी, संरक्षक श्री कृष्ण कुमार मालपानी जी, प्रधानाचार्य श्री राम प्रताप सिंह जी एवं समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा। पूजन कार्य विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री धनुषधारी द्विवेदी जी ने सम्पन्न कराया।

# यू.पी. बोर्ड परीक्षा 2023 में भैया–बहिनों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम में पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (यू.पी.बोर्ड), लखीमपुर खीरी व सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की वरीयता सूची में गोला की छात्रा अपूर्वा शर्मा पुत्री श्री मुनेंद्र कुमार शर्मा ने 97.16 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश की वरीयता सूची में छठा व जनपद की वरीयता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया अपूर्वा शर्मा के पिताजी पेशे से अध्यापक हैं तथा माताजी ग्रहणी। इसी प्रकार इंटरमीडिएट के घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय की छात्रा शांभवी वर्मा पुत्री श्री सुनील कुमार वर्मा ने 95.80 प्रतिशत अंक के साथ जनपद लखीमपुर में प्रथम स्थान व प्रदेश की वरीयता सूची में नवां स्थान प्राप्त किया। शांभवी वर्मा के पिताजी पेशे से चिकित्सक हैं दोनों छात्राओं ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने माता–पिता व विद्यालय के अध्यापको को दिया। दोनों छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय प्रबंध समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर त्रिभुवन नाथ पुरवार जी, विद्यालय के प्रबंधक श्रीमान आदित्य कुमार पुरवार जी विद्यालय के कोषाध्यक्ष श्रीमान ईश्वरदीन वर्मा जी विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान राज कुमार कनौजिया जी व अन्य समस्त आचार्य व प्रबंध समिति के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया व बधाई दी। पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (यू.पी.बोर्ड), लखीमपुर खीरी के हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में जिले की वरीयता सूची में विद्यालय के भैया आकर्ष श्रीवास्तव नें 95.50 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद की वरीयता सूची में पांचवां स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार इंटरमीडिएट के घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय के भैया शिवांशु पटेल

ने 95.80 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश की वरीयता सूची में नौवां स्थान व जनपद लखीमपुर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इण्टर के भैया आर्यन वर्मा ने 93.60 प्रतिशत अंक के साथ जनपद की वरीयता सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया। तीनों भैयाओं ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने माता–पिता व विद्यालय के अध्यापकों को दिया। तीनों भैयाओं की इस सफलता पर विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष श्री घनश्याम दास तोलानी जी, विद्यालय के प्रबंधक श्री विमल अग्रवाल जी विद्यालय के सह प्रबन्धक श्री रवि भूषण साहनी जी, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी व अन्य समस्त आचार्य व प्रबंध समिति के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया व बधाई दी।



# अयोध्या संकुल

## नवीन सत्र के शुभारम्भ पर मानस पाठ हुआ



अयोध्या। विद्या भारती विद्यालय शिव लाल शर्मा सरस्वती शिशु मंदिर तुलसी नगर अयोध्या में नवीन सत्रारंभ के उपलक्ष्य में अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ किया गया। जिसमे क्त. विक्रमा प्रसाद पाण्डेय ने पूजन करके श्री राम चरित मानस पाठ का शुभारंभ किया तथा 03/04/2023 को हवन पूजन के साथ अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का समापन हुआ।

# हरदोई संकुल

## नवीन सत्र हवन–पूजन के साथ प्रारम्भ



सरस्वती विद्या मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विष्णुपुरी हरदोई में नवीन सत्र हवन–पूजन के साथ प्रारम्भ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार सिंह तथा विद्यालय के अध्यक्ष श्री इन्द्रेश्वर नाथ गुप्त एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती शीला पाण्डेय कार्यक्रम में उपस्थित रही।





## डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ती मनायी गयी



सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विष्णुपुरी हरदोई मैं आज बंदना सभा में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई।इस अवसर पर भैया, बहिनों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री उमेश कुमार सिंह ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए भारतीय संविधान में उनके योगदान को सराहा।

# रायबरेली संकुल

## नवीन सत्र हवन–पूजन के साथ प्रारम्भ



सरस्वती शिशु मंदिर बाबूगंज में भैया बहनों ने सुंदरकांड का पाठ किया और प्रधानाचार्य वीरेंद्र विक्रम सिंह ने और विद्यालय के उपाध्यक्ष जी ने एवं विद्यालय के सभी आचार्य जी ने तथा विद्यालय के सभी पढ़ने वाले भैया बहनों ने हवन पूजन किया इसी के साथ शिक्षण कार्य प्रारंभ किया गया और प्रधानाचार्य जी ने कहा अब  सभी भैया बहन नए सत्र 2023–24 में नियमित विद्यालय आएंगे।

## नवीन सत्र हवन–पूजन के साथ प्रारम्भ



गोपाल सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज रायबरेली का सत्र सुन्दर कांड व हवन पूजन के साथ प्रारम्भ हुआ।



# फायर सेफ्टी व अग्नि सुरक्षा के उपाय बताये




अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सी आई एस एफ की अग्नि सुरक्षा टीम ने सरस्वती विद्या मंदिर एनटीपीसी ऊंचाहार में, आग लगने के कारणों एवं उससे बचाव के तरीके विद्यालय के विद्यार्थियों और आचार्य के समक्ष सजीव प्रदर्शन करके बताए। इंस्पेक्टर श्री राम सुरेश ने कितने प्रकार की आग होती है और उससे हम किस किस प्रकार से बचाव कर सकते हैं, इस बारे में विस्तार पूर्वक बताया । सब इंस्पेक्टर कप्तान सिंह और उनकी टीम ने तरह–तरह की आग लगाकर एवं अलग–अलग प्रकार के रासायनिक तत्वों का प्रयोग करके उसके बुझाने के तरीकों का प्रशिक्षण  विद्यालय के बच्चों एवं कर्मचारियों को दिया। प्रधानाचार्य बालकृष्ण सिंह ने बताए गए कारगर तरीकों को अमल में लाने के लिए आग्रह किया तथा सीआईएसफ की पूरी टीम को इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।





# भैया–बहिनों ने बनाया रिकार्ड





कहावत है कि बुलंदी पर चढ़ना ही नहीं ठहरना कमाल होता है । इस कहावत को चरितार्थ किया है सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज उर्जा विहार ऊंचाहार ने। इस बार यूपी बोर्ड के हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा फल ने विद्यालय के पिछले 22 वर्षों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए इतिहास मनाया है। ज्ञात हो कि विद्यालय में 2001 से अब तक तेईस बोर्ड परीक्षा आयोजित हुई है ,इस बार पिछले कई सालों का रिकार्ड इस रूप में टूटा है कि तहसील में अपना विद्यालय प्रायः अव्वल रहता था किंतु इस बार ऐसा पहला अवसर आया है जब हाई स्कूल में तहसील के सभी प्रथम पांच स्थान अपने विद्यालय को प्राप्त हुए हैं । इतना ही नहीं इस बार हाई स्कूल के छात्र आदित्य पांडेय ने अपने ही विद्यालय के छात्र सुरेश कुमार के 94.5% के रिकार्ड को तोड़ते हुए ९५.६७ प्रतिशत अंक हासिल किया है ,जिले की मेरिट में भी चौथा स्थान बनाया है ।इसी प्रकार इन्टरमीडिएट की छात्रा श्रद्धा सिंह ने अपने ही विद्यालय की तहसील टापर एवं जिले की मेरिट में स्थान बनाने वाली अनामिका मिश्रा के 90.20% को पीछे छोड़ते हुए 95.6% अंक लाकर पिछले 22 वर्षों के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया है विद्यालय प्रबंधन ,प्रधानाचार्य एवं आचार्य परिवार इस अपार प्रसन्नता पर फूले नहीं समा रहा है।

# मा० प्रदेश निरीक्षक जी का हुआ आगमन



गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में माननीय प्रदेश निरीक्षक श्रीमान राम सिंह जी का प्रथम आगमन परिचयात्मक बैठक के रूप में संपन्न हुआ, साथ में संभाग निरीक्षक श्रीमान सुरेश सिंह जी एवं प्रधानाचार्य श्रीमान रविंद्र मोहन मिश्र ,श्रीमती निधि द्विवेदी एवं सभी आचार्य एवं बहने उपस्थित रहीं।

## उन्नाव संकुल

## भैया को सम्मानित किया गया



सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज गोपिनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव के भैया अभिषेक निगम को इण्टर मीडिएट की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की प्रवीणता सूची में 8 वाँ स्थान लाने पर जिलाधिकारी उन्नाव माननीया अपूर्वा दुबे जी के द्वारा जिला मुख्यालय पर आमंत्रित कर सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया । विद्यालय ,नगर व पूरा जिला आज गर्व अनुभव कर रहा है

# डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती मनायी गयी



SVMIC गोपिनाथपुरम शुक्लागंज में वन्दना सत्र में संविधान समिति के सदस्य डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई जयन्ती । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री नरेन्द्र कुमार मिश्र जी ने पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया व उनके जीवन कृतियों पर प्रकाश डाला । इसी कड़ी में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य व हिंदी विषय के प्रवक्ता श्री शिव सिंह जी ने अम्बेडकर जी के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती है उन्होनें छात्रों से कहा कि आप कल के भारत का भविष्य हैं आप भी अम्बेडकर की तरह देश दुनिया में नाम कर सकते हैं । इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य श्री रविशंकर श्रीवास्तव जी, व श्रीमती रंजना जी भी उपस्थित रहीं ।





# प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोपिनाथपुरम शुक्लागंज में अटल टिंकरिंग लैब का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें नगर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 50 छात्रों ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मा0 कोषाध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह जी व मा0 प्रधानाचार्य श्री नरेन्द्र कुमार मिश्र जी ने माँ शारदे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित करके किया । माँ सरस्वती जी की वन्दना विद्यालय की बहिनों के द्वारा करायी गयी । अटल टिंकरिंग लैब के प्रशिक्षक व भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता श्रीमान राहुल पाण्डेय जी ने मंचासीन अधिकारियों का परिचय कराया व कार्यशाला के आयोजन के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी । उन्होंने बताया कि अटल टिंकरिंग लैब का उद्देश्य नवयुवकों को विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार करना है तथा आने वाले कल के लिए हमे पूरी तरह से तैयार रहना है । अतिथि उदबोधन में विद्यालय के कोषाध्यक्ष श्रीमान भूपेंद्र सिंह जी ने छात्रों को अपने उदबोधन में बताया कि आने वाला समय आज के समय से बहुत आगे होगा इसलिए हमें भी समय के साथ साथ चलना होगा और विज्ञान के क्षेत्रों में नवाचार करना ही होगा । उन्होंने इसके लिए कई उदाहरण दिए कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य से रविशंकर श्रीवास्तव जी , श्री शिव सिंह जी व वन्दना प्रमुख श्रीमती रंजना तिवारी जी कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

# भैया–बहिनों ने जिले व प्रदेश में लहराया परचम





जैसे ही हाईस्कूल व इण्टर बोर्ड परीक्षा 2023 का परीक्षा परिणाम आया छात्रों की सांसें थमी रह गईं, किन्तु जब परिणाम देखा तो चेहरे खिल गए । हाई स्कूल में 96 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश व जिले में नाम रोशन किया वहीँ 95.53 प्रतिशत पर आयुषी यादव 94.50 प्रतिशत पर जय वर्मा 94.3 प्रतिशत पर लेखनी गुप्ता व 94 प्रतिशत पर मनस्वी पाल रहीं । इसके अतिरिक्त ससम्मान वाले छात्रों की सँख्या लगभग 85 प्रतिशत रही शेष प्रथम श्रेणी के छात्र रहे । इसी क्रम में इण्टर मीडिएट में भी आकाश निगम 96 प्रतिशत लक्ष्य दीक्षित 95.40 प्रतिशत सुप्रिया दुबे 94.40 प्रतिशत आदर्श मिश्रा 94 प्रतिशत व भूमिका निषाद 93.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया । इस प्रकार हाई स्कूल व इण्टर मीडिएट का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा ।इस मौके पर तमाम मीडिया कर्मी भी उपस्थित रहे । विद्यालय के प्रबंधक श्रीमान सुशील कुमार श्रीवास्तव ने छात्रों को माला पहनाकर मुँह मीठा कराया । वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री नरेन्द्र कुमार मिश्र जी ने भी छात्रों को माला पहनाकर मुँह मीठा कराया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर कक्षा 10 वीं के कक्षाचार्य श्री रविशंकर श्रीवास्तव, श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, श्री रामकुमार सिंह चौहान , से योगेश कुमार अवस्थी , श्री आलोक दीक्षित जी के अलावा समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा । विद्यालय के प्रबन्धक श्रीमान सुशील कुमार श्रीवास्तव ने पूरे स्टाफ को बधाई दी व छात्रों को आशीर्वाद दिया ।

# बाराबंकी संकुल

## डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी का जन्मदिवस मनाया गया



सरस्वती विद्या मंदिर नानकपुरा साकेत में बंदना सभा में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता हुई सभी भैया बहनों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन पर अपना विचार प्रस्तुत किया अंत में प्रधानाचार्य जी ने सभी को शुभकामनाएं दी।

## प्रचार विभाग की बैठक सम्पन्न




सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज केशव नगर बाराबंकी में संकुल स्तरीय प्रचार–प्रसार विभाग की बैठक की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विजय आनंद बाजपेई जी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, मुख्य अतिथि महोदय ने हम लोगों को फोटोग्राफी एवं प्रेस विज्ञप्ति के बारे में विस्तार से बताया, इस अवसर पर संकुल के सभी प्रचार –प्रसार प्रमुख आचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शैलेंद्र प्रताप सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अम्बेडकर नगर संकुल

## पदोन्नति पर विदाई दी गयी




जय विवेकानंद शिशु कुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनटीपीसी टांडा अंबेडकर नगर के शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता श्रीमान विनोद कुमार सिंह जी का पदोन्नत प्रधानाचार्य के पद पर हरदोई जिला में होने पर विद्यालय परिवार की तरफ से ढेर सारी शुभकामनाएं। विद्यालय के कर्मचारी श्री बसंत मौर्य जी का कार्यकाल पूर्ण होने पर विद्यालय परिवार की तरफ से ढेर सारी शुभकामनाएं। विद्यालय परिवार की तरफ से विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें नवनियुक्त प्रधानाचार्य श्रीमान विनोद कुमार सिंह जी को एवं कर्मचारी श्री बसंत मौर्या जी को विद्यालय परिवार की तरफ से प्रधानाचार्य श्रीमान काली प्रसाद मिश्रा जी द्वारा सम्मानित किया गया एवं विदाई दी गई।

## नवीन सत्र का शुभारम्भ हुआ

जय बजरंग विवेकानंद शिशु कुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनटीपीसी टांडा अंबेडकर नगर में सत्र 2023–24 के लिए सुंदरकांड का पाठ एवं हवन पूजन के साथ सत्र प्रारंभ हुआ। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान काली प्रसाद मिश्रा जी ने हवन पूजन कर शुभारंभ किया। विद्यालय के आचार्य श्री हरिदेव शुक्ला जी ने पूरे विधि विधान से हवन पूजन एवं सुंदरकांड का पाठ संपन्न कराया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या बहने, एवं भैया–बहन उपस्थित रहे।





# डॉ0 भीमराब अम्बेडकर की जयन्ती मनायी गयी




जय बजरंग इंटरमीडिएट कॉलेज रामनगर अंबेडकर नगर मे आज प्रातः वंदना सभा में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई ।कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य जी ने कहा कि डॉ अम्बेडकर के समतामूलक समाज व दलित उत्थान के लिए किए गए कार्यों को देश हमेशा याद रखेगा। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य ओमप्रकाश सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉक्टर अंबेडकर के जीवन वृत्त पर विस्तृत चर्चा किया और कहा कि डॉ अंबेडकर ने शिक्षा को व्यक्ति एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण स्थान दिया। शिक्षा एवं संस्कार के माध्यम से ही हम एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में अनेक भैया–बहनों ने भी अपने– अपने विचार प्रस्तुत किए।

# डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ती मनायी गयी




जय विवेकानंद शिशु कुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनटीपीसी टांडा अंबेडकर नगर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ पूर्व दिवस पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान काली प्रसाद मिश्र जी ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि2 वर्ष 18 माह और 18 दिन में 299 सदस्यों के द्वारा

जिस संविधान का निर्माण किया गया उसकी प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अंबेडकर जी थे।

14 अप्रैल1891 में इंदौर मध्यप्रदेश में जन्में डॉक्टर अंबेडकर 64 विषयों तथा 11 भाषाओं के जानकार थे। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए एवं शिक्षित बन करके समाज की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री राम अशीष सिंह जी ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जीवन परिचय पर विस्तार पूर्वक वर्णन किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री राम जी गौड़ जी ने किया।





## जागरूक अभिभावक सम्मेलन सम्पन्न



सरस्वती विद्या भारती विद्यालय जय बजरंग इंटरमीडिएट कॉलेज रामनगर अंबेडकर नगर में जागरूक अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाज सेविका डॉ श्रीमती पूनम राय ने मां सरस्वती के श्री चरणों में दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की प्रस्ताविकी रखते हुए विद्यालय के प्रबंधक श्री अंजनी कुमार वर्मा जी ने अभिभावकों को अपने पाल्यो के प्रति सजग व जागरूक रहने की सलाह दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को रामचरितमानस की पुस्तक व वृक्ष का पौधा समर्पित

कर सम्मानित किया गया । अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार सिंह ने आए हुए महानुभावो का आभार प्रदर्शन किया।

## अग्नि सुरक्षा व सेफ्टी के उपाय बताये




रामनारायण विवेकानंद शिशु कुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनटीपीसी टांडा अंबेडकर नगर में फायर सेफ्टी विभाग ने अग्नि सुरक्षा के उपाय बताए गये। अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सी आई एस एफ की अग्नि सुरक्षा टीम ने आग लगने के कारणों एवं उससे बचाव के तरीके विद्यालय के विद्यार्थियों और आचार्य के समक्ष सजीव प्रदर्शन करके बताए। कितने प्रकार की आग होती है और उससे हम किस किस प्रकार से बचाव कर सकते हैं, इस बारे में विस्तार पूर्वक बताया । और उनकी टीम ने तरह–तरह की आग लगाकर एवं अलग–अलग प्रकार के रासायनिक तत्वों का प्रयोग करके उसके बुझाने के तरीकों का प्रशिक्षण विद्यालय के बच्चों एवं कर्मचारियों को दिया। प्रधानाचार्य श्रीमान काली प्रसाद मिश्रा जी ने बताए गए कारगर तरीकों को अमल में लाने के लिए आग्रह किया तथा सीआईएसफ की पूरी टीम को इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

## भैया–बहिनों के खिल उठे चेहरे




विद्या भारती विद्यालय जय बजरंग इंटरमीडिएट कॉलेज रामनगर अंबेडकरनगर मे हाईस्कूल व इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड का परीक्षा फल घोषित होते ही बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय का परीक्षा फल हाईस्कूल व इंटरमीडिएट दोनों मिलाकर शत 93.83 प्रतिशत रहा

है। हाई स्कूल में कुल पंजीकृत छात्र संख्या 179 जिसमे प्रथम स्थान पर शिखा यादव 95.33 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर विवेक प्रजापति व अर्पित वर्मा 94. 50 प्रतिशत :




अंक, तृतीय स्थान पर सदानंद यादव :,चौथे स्थान पर सुहानी यादव 93.60 प्रतिशत व पांचवें स्थान पर साक्षी यादव व सर्वश्रेष्ठ मिश्र 93.50 प्रतिशत अंक अर्जित किया। शेष सभी भैया–बहनों ने 75 प्रतिशत या उससे ऊपर अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। वही इंटरमीडिएट में कुल पंजीकृत भैया –बहन 348 थे, जिसमें प्रथम स्थान पर रश्मि यादव 95. 40 प्रतिशत अंक ,द्वितीय स्थान पर गार्गी यादव 94.60 प्रतिशत अंक, तृतीय स्थान पर लाल प्रताप वरुण 93.60 प्रतिशत अंक ,आदर्श पांडे चतुर्थ स्थान पर 93.40 प्रतिशत व पांचवें स्थान पर गायत्री यादव 93 प्रतिशत अंक अर्जित किया। जिले की टॉप टेन लिस्ट में रश्मि यादव ने चौथा व गार्गी यादव ने सातवॉ स्थान प्राप्त  कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। उपरोक्त उत्तम परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय के माननीय प्रबंधक अंजनी कुमार वर्मा व प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी भैया बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया और स्थान प्राप्त भैया बहनों व उनके अभिभावकों को विद्यालय प्रांगण में बुलाकर माल्यार्पण व मिष्ठान  के साथ  स्वागत किया।

# बहराइच संकुल

## विद्यारम्भ संस्कार व दीक्षा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ



रामनारायण मदेशिया सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नानपारा बहराइच में प्रथम सत्र का प्रारंभ मां सरस्वती की वंदना सुंदरकांड पाठ के साथ प्रारंभ हुआ,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई एवं नानपारा नगर के सहसंघचालक श्री धर्मेन्द्र कुमार गुप्त जी ने सपत्नीक हवन पूजन किया। साथ में अपने विद्यालय के मान्यवर प्रधानाचार्य श्री बालमुकुंद तिवारी जी, विद्यालय के प्रबंधक श्री ओम प्रकाश गुप्त जी, कोषाध्यक्ष श्री जसवंत कुमार मिश्र जी ने भी साथ में हवन पूजन किया। वंदना सभा भैया बहनों तथा अभिभावकों और माताओं बहनों से खचाखच भरा रहा।

## बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम



रामनारायण मद्धेशिया सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नानपारा बहराइच के भैया बहनों ने हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में अपना परचम लहराया विद्यालय की छात्रा बहन रिया यादव ने 96.5% अंक प्राप्त करके बहराइच जिले में अपना द्वितीय स्थान कायम रखा दूसरे स्थान पर भैया रूपेश गुप्ता ने 96% अंक प्राप्त करके अव्वल रहे। तीसरा स्थान भैया ऋषभ शर्मा ने 90.6% चौथा स्थान मुस्कान सोनी 90% अंक पंचम स्थान बैंक गुंजन वर्मा 87:%छठा स्थान भैया शुभम जयसवाल 86.5% सातवां स्थान बहन प्राची शुक्ला ने 85% आठवां स्थान परी सैनी ने 84% अंशिका पालने 83% सृष्टि जायसवाल और विशाल पाल ने दशम स्थान प्राप्त किया। स्थान प्राप्त भैया बहनों को विद्यालय के आदरणीय प्रबंधक जी श्री ओम प्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष जसवंत कुमार मिश्र, प्रधानाचार्य श्री बालमुकुंद तिवारी, नगर के नगर संघचालक श्री धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, भाजपा प्रत्याशी श्री ओम प्रकाश जी शर्मा, पत्रकार श्री पुनीत कुमार श्रीवास्तव, पुरातन छात्र भैया आशीष पांडे ने मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# गोण्डा संकुल

## बाबा साहब का जन्म दिन मनाया गया




अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान सरस्वती विद्या मंदिर माधवपुरम बड़गांव में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड सूबेदार मेजर ब्रज किशोर तिवारी जी ने मां शारदे एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को गति प्रदान की। उन्होंने बताया बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश की महू छावनी में हुआ था। उन्होंने कहा कि शिक्षित बनो ,संघर्ष करो ।यह उनका ध्येय वाक्य था। उन्हें नवजागरण के अग्रदूत, समतामूलक समाज के निर्माता, आधुनिक राष्ट्र के शिल्पकार के रूप में भी जाना जाता है। उनका जन्म ऐसे समय में हुआ था जब भारत में छुआछूत एक बहुत बड़ी समस्या थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए श्रीमान ऋग प्रसाद जी ने बताया कि उनके जीवन का एकमात्र लक्ष्य समाज के शोषित वर्गों को न्याय दिलाना था, उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति के शैक्षिक उत्थान के लिए निरंतर संघर्ष किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान मंगली प्रसाद तिवारी जी ने आए हुए अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।